नाम ..............................                                   अनुक्रमांक ..........

# वार्षिक परीक्षा, 2022

## हिन्दी

कक्षा–9

समय : 3 घण्टा]                                   [पूर्णांक : 7

निर्देश– सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सम्मुख दिये गए हैं। खण्ड 'क' के समस्त प्रश्न बहुविकल्पीय हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखना है।

## खण्ड 'क' (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. इनमें से जयशंकर प्रसाद का नाटक है– 1
   (i) गोदान (ii) गिल्लू (iii) गबन (iv) अजातशत्रु।
2. महादेवी वर्मा की कृति का नाम है-- 1
   (i) गिल्लू (ii) कर्बला (iii) गोदान (iv) कर्मभमि।
3. आधुनिक साहित्य की सबसे लोकप्रिय विधा है– 1
   (i) संस्मरण (ii) पात्र (iii) कहानी (vi) लेख।
4. हिन्दी की प्रथम कहानी का नाम है– 1
   (i) अन्धेर नगरी (ii) भारत दुर्दशा (iii) इन्दुमति (iv) संवाद
5. मानसरोवर में किसकी रचनाएँ प्रकाशित हुईं ? 1
   (i) यशपाल (ii) जैनेन्द्र
   (iii) प्रेमचन्द (iv) जयशंकर प्रसाद।
6. 'शिकार साहित्य' से सम्बन्धित एक रचना का नाम लिखिए– 1
   (i) कहानी (ii) कर्बला (iii) शिकार (iv) इन्दुमति।
7. रामभक्ति काव्य की रचना किन भाषाओं में है ? 1
   (i) अवधी (ii) गुजराती (iii) ब्रजभाषा (iv) मराठी।
8. रामभक्ति धारा के प्रतिनिधि कवि हैं– 1
   (i) सूरदास (ii) तुलसीदास (iii) जायसी (iv) रैदास।
9. भक्तिकाल के किसी प्रमुख कवि का नाम बताइए– 1
   (i) सूरदास (ii) तुलसीदास (iii) रैदास (iv) रामदास।
10. आदिकाल की भाषा का नाम बताइए-- 1
    (i) गुजराती (ii) मराठी (iii) डिंगल (iv) ब्रजभाषा।
11. वीरगाथा काल के कवि का नाम क्या है ? 1
    (i) सूरदास (ii) चन्दवरदाई (ii) रैदास (iv) जायसी।

P.T.O.]

https://www.cgboardonline.com

12. प्रेमचन्द के किसी एक उपन्यास एक उपन्यास का नाम लिखिए— 1
(i) गबन (ii) अजातशत्रु (iii) उपन्यास (iv) निबन्ध।

13. 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक का नाम है— 1
(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ii) यशपाल
(iii) सूरदास (iv) प्रेमचन्द।

14. भारतेन्दु के बाद नाटक के क्षेत्र में किसका योगदान रहा ? 1
(i) जयशंकर प्रसाद (ii) प्रेमचन्द
(iii) महादेवी वर्मा (iv) यशपाल।

15. हिन्दी कथा साहित्य में युगान्तर उपस्थित करने वाले लेखक का नाम है— 1
(i) सुदर्शन (ii) प्रेमचन्द
(iii) रामकुमार वर्मा (iv) जैनेन्द्र।

16. जयशंकर प्रसाद का उपन्यास कौन-सा है ? 1
(i) कंकाल (ii) मानसरोवर (iii) ईदगाह (iv) रक्षाबन्धन।

17. शिकार साहित्य के लेखक का नाम है— 1
(i) श्रीराम शर्मा (ii) पूर्णसिंह (iii) गोकुलनाथ (iv) सदल मिश्र।

18. प्रेमचन्द की कहानी का नाम लिखिए— 1
(i) ईदगाह (ii) चन्द्रगुप्त
(iii) कंकाल (iv) जासूसी कहानी।

19. 'काशी नागरी प्रचारिणी सभा' पत्रिका के सम्पादक का नाम लिखिए— 1
(i) श्यामसुन्दर दास (ii) जयपाल
(iii) जयशंकर प्रसाद (iv) पूर्णसिंह।

20. कृष्णभक्ति शाखा के प्रतिनिधि कवि का नाम लिखिए— 1
(i) सूरदास (ii) बीसलदेव (iii) कबीरदास (iv) जायसी।

## खण्ड 'ख'

21. निम्नलिखित गद्यांश में से किसी एक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 6

सोनजुही की लता के नीचे गिल्लू को समाधि दी गई है इसलिए भी कि उसे वह लता से सबसे अधिक प्रिय थी, उसका झूला उतार कर रख दिया गया और खिड़की की जाली भी बन्द कर दी गयी, परन्तु गिलहरियों की नई पीढ़ी जाली के उस पार चिक-चिक करती ही रहती है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ व्याख्या सहित लिखिए।
(ii) पाठ के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।
(iii) गिल्लू को समाधि कहाँ दी गई ?

https://www.cgboardonline.com

**अथवा**

महाराज आपने तोते को देखा भी है, राजा चौंके बोले. अरे हाँ ! यह तो मैं बिल्कुल भूल गया था। तोते को तो देखा ही नहीं, अब तोते को देखने की जरूरत ही क्या है। देखे बिना भी काम चल सकता है। राजा ने इतना तो अच्छे तरह समझ लिया था कि बन्दोबस्त में कोई कमी नहीं है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश की व्याख्या कीजिए।

(ii) पाठ के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(iii) राजा क्या समझ गये थे ?

22. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या कीजिए– 5

(क) टूटे सुजन मनाइए, जो टूटे सौ बार।
रहिमन फिरि-फिरि पोइए, टूटे मुक्ताहार।।

(i) पद्यांश के पाठ तथा कवि का नाम लिखिए।

(ii) उपर्युक्त दोहे का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) रहीम दास जी किस प्रकार के व्यक्ति को मनाने की सलाह दे रहे हैं ?

**अथवा**

राम नाम के पटतरे, देबे कौ कछु नाहिं।
क्या ले गुर संतोषिए, हौंस रही मन माँह।।

(i) पाठ तथा कवि का नाम लिखिए।

(ii) उपर्युक्त दोहे का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) कबीरदास जी के मन में क्या अभिलाषा बनी हुई है ?

23. निम्नलिखित में से किसी एक का सन्दर्भ सहित अनुवाद कीजिए– 4

स्वामिन: रामकृष्णस्य जन्म बंगेषु हुगली प्रदेशस्य कामारपुकुरस्थाने 1836 ख्रिस्ताब्दे अभवत्। तस्य पितरौ परमधार्मिको आस्ताम्। बाल्यकालादेव रामकृष्ण: अद्भुतं चरित्रम् अदर्शयत्। तदानीमेव ईश्वरे तस्य सहजा निष्ठा अजायत्। ईश्वरस्य आराधनावसरे स सहजे समाधौ अतिष्ठत्।

**अथवा**

सत्यव्रतं सत्ययपरं त्रिसत्यय, सत्यस्य योनिं निहितं च सत्ये सत्यस्य सत्यं कृत सत्यनेत्र, सत्यात्यकं त्वां शरणं प्रपन्ना:।

24. निम्नलिखित में से किसी एक पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए– 4

(i) पन्ना धाय (ii) बनवीर।

25. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए– 3

(i) मुंशी प्रेमचन्द (ii) महादेवी वर्मा (iii) हजारी प्रसाद द्विवेदी।

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय - 3

(i) मीराबाई (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) रहीम।

26. अपनी किताब से याद की हुई संस्कृत श्लोक की चार लाइनें लिखिए। 2

27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में दीजिए - 4

(i) अनृतं केन जयेत् ?

(ii) श्रीकृष्णः कः आसीत् ?

(iii) असाधुं केन जयेत् ?

(iv) रामः क्रोधे कीदृशः आसीत् ?

28. (क) श्रृंगार अथवा वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) यमक अथवा श्लेष अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। 2

(ग) चौपाई अथवा छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) तत्सम शब्द छाँटकर लिखिए- 2

(i) अम्मा (ii) आँसू (iii) उजाला (iv) उत्थान।

(ङ) किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- 2

सभ्य, नम, आप, कड़वा, पाप, दिन, सत्य।

(च) निम्न में से किन्हीं दो शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए- 2

अतिथि, कमल, घर, माता, गङ्गा, तालाब, रात।

29. निम्न में से किन्हीं दो का वाक्यों में प्रयोग कीजिए- 2

(i) अन्धे की लकड़ी होना (ii) आस्तीन का साँप होना

(iii) एक अनार सौ बीमार (iv) काला अक्षर भैंस बराबर।

30. अपने/अपनी प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या जी को अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या जी को शुल्क मुक्ति हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

https://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से